हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

14 न्याय व समानता पर टिकी होती है समृद्ध समाज की नींव...



14 प्रतिभा खोज के सोलो डांस में मोनिका रही प्रथम



खबर संक्षेप

रास्ता रोक मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार

हिसार। सदर थाना पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में लुदास निवासी दिनेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार वारदात में इस्तेमाल की गई स्कार्पियो गाड़ी की आगे और पीछे की नंबर प्लेट पर काली टेप लगी हुई थी। सदर थाना प्रभारी ने बताया कि एक अक्टूबर को लुदास निवासी कृष्ण ने पुलिस को शिकायत दी थी कि आरोपी ने रेंट पर ली गई स्कार्पियो गाड़ी से उसका रास्ता रोक लिया। गाड़ी की आगे और पीछे की नंबर प्लेट पर काली टेप लगी हुई थी। रास्ता रोकने के बाद आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी दिनेश को गिरफ्तार कर लिया।

खेतों से मोटर व सोलर प्लेट चोरी का केस दर्ज

नारनौंद। गांव बास के खेतों में से अज्ञात चोर मोटर और सोलर की प्लेट चोरी करके मौके से फरार हो गए। बास बादशाहपुर के सत्यनारायण ने बताया कि उसका खेत गांव बास से भकलाना कच्चा रास्ता पर हैं। अज्ञात चोरों ने उसके खेत से 4 सितंबर कि रात को ट्यूबवेल पर लगी 3 एचपी की मोटर व सोलर चोरी करके ले गए। एक सोलर प्लेट तोड़ दी। जब वह अगले दिन खेत में गया तो वारदात का पता चला। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज करके उनकी तलाश शुरू कर दी है।

सेक्टर-33 रेजिडेंट सभा का धरना स्थगित

हिसार। सेक्टर-33 रेजिडेंट सभा द्वारा सेक्टर की 15 सूत्रीय समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर 8 अक्टूबर को एचएसवीपी कार्यालय पर दिए जाने वाले धरने को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम मेयर प्रवीण पोपली ने बुधवार को सभा प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए अपने कार्यालय पर बुलाया। वार्ता में उन्होंने सेक्टर की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद रेजिडेंट सभा ने 8 अक्तूबर का धरना स्थगित करने का निर्णय लिया। यह जानकारी देते हुए रेजिडेंट सभा के प्रधान बलवान शर्मा ने दी।

सट्टा लगवा रहे युवक को किया गिरफ्तार

नारनौंद। पुलिस चौकी खेड़ी चौपटा की टीम ने सट्टा लगवा रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 87,250 रुपये की सट्टा राशि बरामद की है। खेड़ी चौपटा चौक पर तैनात पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि खेड़ी जालब का सतीश गांव की फिरनी में सरेआम सट्टे की खाईवाली कर रहा है। सूचना मिलते ही टीम ने तुरंत एक बोगस ग्राहक तैयार कर मौके पर भेजा। बोगस ग्राहक के इशारा करते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को काबू कर लिया। उससे 87,250 रुपये व हिसाब लिखा पर्चा बरामद हुआ है।

विकसित भारत सेवा संकल्प सभा के बाद हांसी शहर में निकली सेवा ज्योति यात्रा

पीएम मोदी के 25 साल के शासन को आने वाली पीढ़ियां सम्राट अशोक और चन्द्रगुप्त की तरह याद करेंगी : कैप्टन अभिमन्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। आने वाली पीढ़ियां प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल को सम्राट अशोक और चन्द्रगुप्त के शासन की तरह याद करेंगी और उनके कार्यों का अध्ययन करेंगी।

कैप्टन अभिमन्यु बुधवार को सेवा संकल्प ज्योति के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गरीब मां की कोख और पिछड़े परिवार में जन्म लेकर लोकतंत्र की सीढ़ियां चढ़ते हुए नरेन्द्र मोदी का मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री पद तक पहुंचना अपने आप में रिकॉर्ड है। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में 25 वर्षों की सेवा के दौरान उन्होंने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्यकाल में एक दिन भी छुट्टी नहीं ली। सरकारी खजाने से मिले वेतन को भी उन्होंने गरीबों के लिए दान कर दिया। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के गुजरात मॉडल की देशभर में चर्चा हुई थी, जबकि प्रधानमंत्री बनने के बाद उनके नेतृत्व में भारत का डंका विदेशों में बज रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने कुशल नेतृत्व से डिजिटल क्रांति में भारत को अग्रिम पायदान पर पहुंचाया है।



हांसी। सेवा ज्योति यात्रा निकालते पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, विधायक विनोद भयाना, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

सभी के सहयोग से बनेगा विकसित भारत : भयाना

हांसी। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को स्थानीय सनातन धर्म महिला महाविद्यालय के सभागार में विकसित भारत सेवा संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इसमें विधायक विनोद भयाना ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु व जिला अध्यक्ष अशोक सैनी , पंचायत समिति चेयरपर्सन विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा डीसी राहुल नरवाल उपस्थित रहे। विकसित भारत संकल्प सभा कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नबीन के भाषण को भी लाइव सुनाया गया। सभा के उपरांत विधायक विनोद भयाना ने सेवा ज्योति प्रज्वलित की और शहर में निकाली गई सेवा ज्योति यात्रा का नेतृत्व किया। यात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई क्रांतिकारी चौक के निकट पहुंची, जहां विधायक ने सेवा ज्योति मशाल स्थापित की। विधायक विनोद भयाना ने अपने संदेश में कहा कि विकसित भारत का निर्माण केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के संकल्प, सहयोग और जिम्मेदारी से संभव होगा। सेवा संकल्प अभियान समाज के प्रत्येक वर्ग को सेवा, सुशासन, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का माध्यम है। कार्यक्रम में उपायुक्त राहुल नरवाल, एसडीएम राजेश खोथ, भाजपा जिला प्रभारी प्रतिभा सुमन, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी,जिला परिषद अध्यक्ष सोनू सिहाग डाटा, नेहा धवन, जयवीर माजरा, दिनेश धवन, शीला यादव, धर्मवीर रतेरिया, विजेंद्र लोहान, पूर्व चेयरमैन राजपाल यादव आदि मौजूद रहे।

कोथ कलां से नहर में नहाने गए 5 दोस्तों में से एक की डूबने से मौत

डर के मारे लौटे चारों साथियों ने घरवालों से छिपाई घटना, सीसीटीवी फुटेज से खुला राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

क्षेत्र के गांव कोथ कलां से नहर में नहाने गए पांच दोस्तों में से 14 वर्षीय छात्र रोहन की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद उसके चार दोस्त डर के कारण बिना किसी को बताए गांव लौट आए। रोहन के शाम तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने सोमवार को पुलिस को शिकायत दी। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पांचों दोस्तों के एक मोटरसाइकिल पर नहर की ओर जाने और कुछ देर बाद चार के ही वापस लौटने से मामले का खुलासा हुआ। बुधवार को गांव घिराय के पास बालसमंद ब्रांच में रोहन का शव बरामद हुआ।

चौथे दिन नहर से बरामद हुआ रोहन का शव

गांव कोथ कलां निवासी रोहन नौवीं कक्षा में पढ़ता था। रविवार को वह स्कूल में पढ़ने वाले चार सहपाठियों के साथ एक ही मोटरसाइकिल पर



सवार होकर घरवालों को बिना बताए गांव मखंड के पास बरवाला ब्रांच में नहाने के लिए चला गया। नहर पर पहुंचने के बाद पांचों ने कपड़े उतारकर नहर में छलांग लगा दी। चार दोस्त तैरकर किनारे पहुंच गए, जबकि रोहन दिखाई नहीं दिया। चारों ने कुछ दूरी तक उसे तलाश किया, लेकिन जब वह नहीं मिला तो डर के मारे मोटरसाइकिल पर गांव लौट आए और घटना के बारे में किसी को नहीं बताया। शाम तक रोहन के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। सोमवार सुबह पुलिस को शिकायत दी गई, जिसके बाद गुमशुदगी का मामला दर्ज कर पुलिस ने तलाश शुरू की। गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर पांचों दोस्त एक मोटरसाइकिल पर जाते दिखाई दिए। रास्ते में अलग-अलग स्थानों की फुटेज देखने पर कुछ समय बाद उसी मोटरसाइकिल पर चार दोस्त ही वापस आते नजर आए।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोस्तों की पहचान करने के बाद पुलिस ने घर जाकर की पूछताछ

पुलिस ने फुटेज के आधार पर चारों दोस्तों की पहचान कर उनके घर जाकर पूछताछ की। शुरुआत में उन्होंने घटना की जानकारी होने से इनकार किया, लेकिन बाद में एक दोस्त ने बताया कि वे सभी नहर में नहाने गए थे और रोहन नहर से बाहर नहीं निकला था। डर के कारण वे उसी समय वापस गांव आ गए थे। घटना का पता चलने के बाद ग्रामीण और परिजन रोहन की तलाश में नहर पर पहुंचे, लेकिन उसका शव नहीं मिला। बुधवार सुबह सूचना मिली कि गांव घिराय के पास बालसमंद ब्रांच में एक लड़के का शव पड़ा है। सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान रोहन के रूप में की।

मृतक के पिता के बयान पर की इत्तफाकिया कार्रवाई

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हांसी के सामान्य अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां डॉक्टरों के बोर्ड ने पोस्टमार्टम किया। मिर्चपुर चौकी प्रभारी खेताराम ने बताया कि मृतक छात्र के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक के पिता रोहतास के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई की गई है।

डॉक्टर के मकान का ताला तोड़ चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

एप्पल स्मार्टवॉच, वनप्लस मोबाइल, गैस सिलेंडर और इंडक्शन चूल्हा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अग्रोहा पुलिस ने बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किया गया सामान बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी की पहचान गांव मीरपुर निवासी अंकुश के रूप में की है। आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान उसकी निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद किया गया। बाद में उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार अग्रोहा की हेतराम कॉलोनी निवासी एवं अग्रोहा मेडिकल के डॉ. मयंक चौहान ने शिकायत दी थी कि उनके बंद मकान का ताला तोड़कर चोर अलमारी से एप्पल की स्मार्टवॉच, वनप्लस मोबाइल फोन और करीब 10 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। इसके अलावा रसोई से इंडेन गैस सिलेंडर और इंडक्शन चूल्हा भी चोरी किया गया था। शिकायत के आधार पर अग्रोहा थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

मामले की जांच के दौरान एएसआई विनोद कुमार ने साक्ष्य जुटाते हुए आरोपी की पहचान करके उसे गिरफ्तार किया गया। अदालत से एक दिन का पुलिस रिमांड मिलने के बाद पुलिस ने उससे पूछताछ की। पुलिस ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर गांव मीरपुर स्थित उसकी ढाणी से एप्पल की काले रंग की स्मार्टवॉच, वनप्लस स्मार्टफोन, इंडेन गैस सिलेंडर और बजाज इंडक्शन चूल्हा बरामद किया गया। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

उकलाना माइनर की टेल तक 3 दिन बाद भी नहीं पहुंचा पानी

किसानों ने दिया अल्टीमेटम, कल से बेमियादी धरना

रोड जाम व तहसील कार्यालय घेराव की भी दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना

उकलाना माइनर में सोमवार को पानी छोड़े जाने के बावजूद तीन दिन बीत जाने पर भी टेल से करीब दो किलोमीटर पहले तक ही पानी पहुंच पाया है। इससे टेल क्षेत्र के किसानों में रोष बढ़ गया है। बुधवार को बड़ी संख्या में किसान उकलाना माइनर पर एकत्रित हुए और सिंचाई विभाग व प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई।

किसानों के अनुसार सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से फसलों पर संकट बना हुआ है। वहीं क्षेत्र के जलघरों में भी पर्याप्त पानी नहीं पहुंचने के कारण ग्रामीणों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने एकजुट होकर नायब तहसीलदार राहुल राठी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि 8 अक्टूबर तक माइनर के टेल तक पानी नहीं पहुंचा और जलघरों के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था नहीं हुई तो 9 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। किसानों ने आवश्यकता पड़ने पर सड़क जाम करने तथा तहसील कार्यालय का घेराव करने की भी चेतावनी दी।

ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन रामसिंह कटार के अलावा उग्रसेन सिंह, दरियाव सिंह, अशोक कुमार, मोला राम, मेला राम, गोवर्धन, बबराज, बलवान, मगला, बलवन्त, राजू, ईश्वर, बलजीत, सतपाल, कृष्ण, रामकिशन, अशोष कुमार आदि मौजूद रहे।

महिला को जान से मारने की धमकी देने का आरोपी दबोचा

हिसार। आजाद नगर थाना पुलिस ने रात के समय घर में घुसकर सात हजार रुपये चोरी करने और महिला को जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की रकम बरामद कर ली है। आरोपी की पहचान गीता कॉलोनी निवासी बलवंत के रूप में हुई है। न्यू गीता कॉलोनी, आजाद नगर निवासी महिला ने शिकायत दी थी कि वह अपने बेटे के साथ किराये के मकान में रहती है। 5 अक्टूबर की रात उसका बेटा होटल पर गया था। वह घर में अकेली सो रही थी। अगले दिन सुबह 3 बजे आरोपी बलवंत घर में घुस आया और 7 हजार रुपये चुरा लिए। शिकायतकर्ता ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया तो उसने कथित तौर पर उसका मुंह बंद कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। महिला के शोर मचाने पर पड़ोसी मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हांसी में गैंग बनाने की तैयारी करते 4 बदमाश हथियारों समेत गिरफ्तार, सप्लायर भी दबोचा

4 अवैध पिस्तौल व 22 कारतूस बरामद, मां की हत्या समेत कई वारदातों की थी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

हांसी में आपराधिक गैंग खड़ा कर वारदातों को अंजाम देने की तैयारी का खुलासा हुआ है। सीआईए-1 ने हथियार सप्लायर समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चार अवैध पिस्तौल व देशी कट्टे और 22 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी आपस में संपर्क में थे और हथियार जुटाकर गैंग बनाने की तैयारी कर रहे थे। इनमें एक आरोपी अपनी मां की हत्या की योजना बना रहा था, जबकि अन्य आरोपी हथियारों के बल पर आपराधिक वारदातों की तैयारी में थे। एसपी विनोद कुमार ने पत्रकार वार्ता में खुलासा करते हुए बताया कि मामले की शुरुआत विकास नगर हांसी निवासी सिकंदर व इसी क्षेत्र में रह रहे यूपी के अलीगढ़ जिले के नगला खेम निवासी आशीष की गिरफ्तारी से हुई। थाना शहर हांसी में दर्ज मुकदमे की जांच के दौरान पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया।

पुलिस पूछताछ में किया खुलासा

आरोपियों के कब्जे से दो अवैध देशी कट्टे और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में सामने आया कि सिकंदर ने दोनों कट्टे और कारतूस आशीष से खरीदे थे। पुलिस के अनुसार वह इन हथियारों का इस्तेमाल अपनी मां की हत्या करने और आपराधिक गैंग बनाने के लिए करना चाहता था। एसपी के अनुसार पूछताछ में



यह भी सामने आया कि सिकंदर ने एक देशी कट्टा अपने दोस्त चार कुतुब गेट निवासी आर्यन को दे दिया था। इसके बाद सीआईए-1 ने आर्यन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देशी कट्टा बरामद किया। पुलिस के अनुसार आर्यन ने सिकंदर के साथ आपराधिक गैंग बनाने के उद्देश्य से हथियार लिया था। 20 कारतूस और 32 बोर की पिस्तौल के साथ तीसरा कनेक्शन भी सामने आया। जांच आगे बढ़ी तो पुलिस को मंडी आदमपुर निवासी एवं चार कुतुब गेट हांसी की रेगर बस्ती में रह रहे विजय के बारे में जानकारी मिली। उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से 32 बोर की अवैध देशी पिस्तौल और 20 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस के अनुसार विजय पहले से आपराधिक मामलों में नामजद है। उसके खिलाफ आदमपुर थाना में हत्या के प्रयास, लूट-डकैती और लड़ाई-झगड़े से जुड़े मामले दर्ज हैं। पूछताछ में विजय के भी सिकंदर के संपर्क में आने की बात सामने आई। पुलिस के अनुसार उसने हथियार सप्लायर आशीष से पिस्तौल और 20 कारतूस लिए थे। आरोपी इन हथियारों के जरिए आपराधिक गैंग बनाकर वारदातों को अंजाम देने की तैयारी में था।

हथियार सप्लायर पहले भी रहा पुलिस रडार पर

आशीष के खिलाफ हांसी शहर थाना में वर्ष 2021 में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है। उसके खिलाफ अवैध असलाह सप्लाई और हत्या से संबंधित मामले भी दर्ज रहे हैं। वह पूर्व में 5 हजार रुपये का इनामी रह चुका है और सीआईए-1 हांसी उसे पहले भी गिरफ्तार कर चुकी है। सीआईए-1 प्रभारी उप निरीक्षक प्रदीप कुमार की टीम की कार्रवाई में सामने आए इस नेटवर्क की जांच अब हथियारों की सप्लाई के स्रोत व आरोपियों के अन्य संपर्कों तक पहुंचाने पर केंद्रित है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि आरोपियों ने इन हथियारों से किन वारदातों को अंजाम देने की योजना बनाई थी।

जीजेयू शोधार्थियों की प्रशासन से दूसरी वार्ता भी विफल

अब आश्वासन नहीं, ठोस समाधान चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शोधार्थियों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। बड़ी संख्या में शोधार्थी धरने पर डटे रहे और अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। शोधार्थियों का कहना है कि तीन दिन से धरना देने के बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया है। उनका आरोप है कि कुलपति या कुलसचिव स्तर का कोई सक्षम अधिकारी उनसे मिलने तक नहीं पहुंचा है।



एक घंटे चली बैठक के बावजूद नहीं बनी सहमति

शोधार्थियों और विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच मांगों को लेकर बुधवार को दूसरी बार वार्ता हुई। करीब एक घंटे से अधिक चली बैठक के बावजूद किसी ठोस समाधान पर सहमति नहीं बन सकी। शोधार्थियों ने वार्ता के दौरान फीस वृद्धि, शोधार्थियों पर बढ़ते आर्थिक बोझ, शोध कार्य से जुड़ी समस्याओं और अन्य लंबित मांगों को प्रमुखता से प्रशासन के सामने रखा। शोधार्थियों ने कहा कि उनकी समस्याएं लंबे समय से विश्वविद्यालय प्रशासन के संज्ञान में हैं। कई बार बातचीत और आश्वासन मिलने के बावजूद धरातल पर कोई ठोस समाधान नहीं हुआ। वे किसी टकराव के पक्ष में नहीं हैं, लेकिन अपने अधिकारों और भविष्य से जुड़े मुद्दों पर चुप भी नहीं बैठेंगे। दूसरी वार्ता भी बेनतीजा रहने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से गुरुवार सुबह 10 बजे दोबारा बैठक बुलाने की बात कही गई है। शोधार्थियों ने स्पष्ट किया कि अब केवल आश्वासन या मौखिक भरोसा स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रत्येक मांग पर स्पष्ट निर्णय और ठोस कार्रवाई की अपेक्षा है।

आंदोलन आगे बढ़ाने पर होना पड़ा मजबूर

शोधार्थियों ने कहा कि तीन दिन से धरना, दो बार वार्ता और फिर भी समाधान नहीं होना विश्वविद्यालय प्रशासन की गंभीरता पर सवाल खड़े करता है। शोधार्थियों ने कहा कि गुरुवार सुबह 10 बजे होने वाली बैठक को वे सकारात्मक उम्मीद के साथ देख रहे हैं, लेकिन यदि फिर से केवल आश्वासन देकर मामले को टालने का प्रयास किया गया तो उन्हें आंदोलन आगे बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। शोधार्थियों ने दोहराया कि गुरुवार सुबह होने वाली बैठक में उन्हें केवल आश्वासन नहीं, बल्कि मांगों पर ठोस और लिखित समाधान चाहिए।

गाड़ी से एक लाख रुपये चुराने का आरोपी राजस्थान से पकड़ा

हिसार। उकलाना पुलिस ने मुगलपुरा में कैंपर गाड़ी से एक लाख रुपये चोरी करने के मामले में आरोपी को राजस्थान के कोटपुतली से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए 80 हजार रुपये बरामद किए हैं। आरोपी की पहचान कोटपुतली के जयसिंहपुर निवासी जितेन्द्र के रूप में हुई है। उप निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि 18 अगस्त को रोहतक के वार्ड नंबर 21 निवासी कपिल ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसकी कैंपर गाड़ी से एक लाख रुपये चोरी हो गए हैं। शिकायत के आधार पर उकलाना थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने विभिन्न पहलुओं पर जांच करते हुए साइबर सेल की सहायता से आरोपी की पहचान करने के साथ उसकी लोकेशन का पता लगाया और आरोपी जितेन्द्र को कोटपुतली से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की 80 हजार रुपये की रकम बरामद की है।

दिनदहाड़े घर के ताले तोड़ 5 लाख के जेवरात व नकदी चोरी, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

कस्बे में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। अब बेखौफ चोर दिन के समय में ही बंद मकानों के ताले तोड़कर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला नारनौंद से सामने आया है, जहां अज्ञात चोर दिनदहाड़े एक मकान से सोने-चांदी के गहने और नकदी चुराकर फरार हो गए। चोरी गए सामान और नकदी की कुल कीमत करीब 5 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 13 निवासी सुनील ने बताया कि 6 सितंबर को दिन के समय उसके परिवार के सभी सदस्य घर पर ताला लगाकर किसी जरूरी काम से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़ दिया और अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे दो जोड़ी चांदी की पायल, दो सोने की अंगूठी, सोने का मांग टीका, कछुआ छाप अंगूठी, कान की बालियां, सोने का मंगलसूत्र और 7 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली।

सुनील ने बताया कि चोर करीब 5 लाख रुपये मूल्य का सामान और नकदी समेटकर मौके से चंपत हो गए। पीड़ित ने पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर सामान बरामद करने की गुहार लगाई है।

मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस की टीमें आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही हैं। जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए, हम क्या आहार ले रहे हैं, इसकी गुणवत्ता पोषण पर भी ध्यान देना जरूरी है। जानिए ऐसी डाइट के बारे में, जिससे आप रहेंगे मेंटली हेल्दी।

वर्ल्ड मेंटल हेल्थ-डे
10 अक्टूबर, स्पेशल

तन ही नहीं मन पर भी पड़ता है डाइट का असर

डाइट सजेशन
संध्या रानी



हम जो भी भोजन खाते हैं, उसका असर केवल हमारे शरीर पर ही नहीं, बल्कि हमारे मस्तिष्क और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। संतुलित और पौष्टिक भोजन शरीर को ऊर्जा देने के साथ-साथ मस्तिष्क के सामान्य काम-काज, अच्छी नींद और मूड को अच्छा बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट: भोजन में ओट्स, ब्राउन राइस, ज्वार, बाजरा और साबुत अनाज जैसे कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट शामिल करने से इनका पाचन धीरे-धीरे होता है और रक्त में ग्लूकोज का स्तर अपेक्षाकृत स्थिर बना रहता है। रक्त शर्करा का स्तर अचानक कम होने पर चिड़चिड़ापन और घबराहट जैसी भावनाएं बढ़ सकती हैं। इसके विपरीत, स्थिर ग्लूकोज स्तर शरीर को लगातार ऊर्जा देने में मदद करता है। साथ ही, कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन सेरोटोनिन के निर्माण की प्रक्रिया में भी भूमिका निभा सकता है। सेरोटोनिन फील-गुड हार्मोन है, जो मूड तथा भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



प्रोबायोटिक-फर्मेंटेड फूड्स: पारंपरिक भारतीय खाद्य पदार्थ जैसे दही, इडली, डोसा, अचार और छाछ प्रोबायोटिक्स से भरपूर होते हैं। आंतों में मौजूद अच्छे जीवाणु लगभग 90 प्रतिशत सेरोटोनिन नामक यौगिक के उत्पादन में योगदान देते हैं। जब आंतों का सूक्ष्मजीव समुदाय संतुलित रहता है, तो यह तनाव, चिंता और मानसिक थकान जैसे लक्षणों को बेहतर ढंग से संभालने में शरीर का सहयोग कर सकता है।

ओमेगा-3 फैटी एसिड: मछली में पाया जाने वाला ओमेगा-3 फैटी एसिड मस्तिष्क की कोशिकाओं की झिल्ली की संरचना और उनके सामान्य कामकाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शरीर में ओमेगा-3 की कम मात्रा और डिप्रेशन के लक्षणों के बीच संबंध देखा गया है। इसलिए आहार में पर्याप्त मात्रा में ओमेगा-3 शामिल करना मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी उपयोगी हो सकता है। शाकाहारी लोग अखरोट, अलसी के बीज और चिया सीड्स से ओमेगा-3 प्राप्त कर सकते हैं।

ट्रिप्टोफैन युक्त फूड्स: अंडे, दूध, पनीर, केला और कद्दू के बीज जैसे खाद्य पदार्थों में ट्रिप्टोफैन (अमीनो एसिड) पाया जाता है। ट्रिप्टोफैन शरीर में सेरोटोनिन के निर्माण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि रात के भोजन में ट्रिप्टोफैन युक्त खाद्य पदार्थों को संतुलित मात्रा में शामिल किया जाए, तो वे अच्छी नींद और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। मैग्नीशियम की कमी से मांसपेशियों में जकड़न, थकान और घबराहट जैसी समस्याएं हो सकती हैं। मेथी, पालक, कद्दू के बीज, बादाम और डार्क चॉकलेट जैसे मैग्नीशियम से भरपूर खाद्य पदार्थ शरीर को मैग्नीशियम की आवश्यक मात्रा प्राप्त करने में मदद करते हैं। मैग्नीशियम तंत्रिका तंत्र के सामान्य कामकाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और तनाव से जुड़ी शरीर की प्रक्रियाओं को संतुलित रखने में भी सहायक हो सकता है।

विटामिन डी: अंडे की जर्दी, मशरूम और फोर्टिफाइड दूध विटामिन डी के अच्छे स्रोत हैं। विटामिन डी की कमी मौसमी तनाव और लगातार उदासी की भावना से जुड़ी हो सकती है। सुबह की धूप के साथ-साथ इन खाद्य पदार्थों को आहार में शामिल करना विटामिन डी की पूर्ति के लिए एक अच्छा विकल्प है।

एंटीऑक्सीडेंट युक्त फल-सब्जियां: नियमित रूप से अपने भोजन में रंग-बिरंगे फल और सब्जियों को शामिल करना मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक स्थिरता बनाए रखने में मददगार साबित हो सकता है। जामुन, संतरा, अनार, टमाटर और शिमला मिर्च जैसे रंगीन फल और सब्जियां एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं। ये शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करने और मस्तिष्क की कोशिकाओं की रक्षा करने में मदद करते हैं। ये विटामिन मस्तिष्क को स्वस्थ बनाए रखने में सहायक हैं। *

(डाइटिशियन डॉ. अंशु चौहान से बातचीत पर आधारित)

पूरी तरह हेल्दी रहने के लिए केवल शारीरिक ही नहीं मानसिक तौर पर भी स्वस्थ रहना जरूरी होता है। आज के तनावपूर्ण और भागदौड़ भरी जीवनशैली में अनेक लोग चिंता, अवसाद और तनाव जैसी मानसिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ऐसे में यह जानना बहुत जरूरी है कि इन समस्याओं के कारण क्या हैं, इनकी पहचान कैसे होती है और इनका उपचार कैसे कर सकते हैं?

फिजिकल की तरह ही इंपॉर्टेंट है मेंटल हेल्थ

डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. अपर्णा रामकृष्णन
सीनियर साइकिएट्रिस्ट
कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई



आज की तेज रफ्तार जिंदगी में तनाव, चिंता और भावनात्मक थकान बहुत कॉमन हो गए हैं। काम का दबाव, पढ़ाई से जुड़ी जिम्मेदारियां, आर्थिक चिंताएं, रिश्तों में कठिनाइयां, नींद की कमी और लगातार डिजिटल दुनिया से जुड़े रहना धीरे-धीरे व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। कभी-कभार होने वाला तनाव कठिन परिस्थितियों के प्रति शरीर और मन की सामान्य प्रतिक्रिया है, लेकिन यदि भावनात्मक परेशानी लगातार बनी रहे तो उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

तनाव जीवन का एक स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन जब यह लगातार बना रहे और व्यक्ति की नींद, भूख, एकाग्रता, रिश्तों या काम और दैनिक जीवन में सामान्य रूप से कार्य करने की क्षमता को प्रभावित करने लगे, तो डॉक्टर से कंसल्ट करने की आवश्यकता हो सकती है।

अपनाएं बैलेंस्ड लाइफस्टाइल

अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए पहला कदम स्वस्थ दैनिक आदतें विकसित करना है। नियमित समय पर सोना-जागना, शारीरिक रूप से सक्रिय रहना, संतुलित भोजन करना, पर्याप्त आराम करना और अपने शौक के लिए समय निकालना भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मदद कर सकता है। परिवार और दोस्तों के संपर्क में रहना तथा अपनी भावनाओं के बारे में खुलकर बातचीत करना अकेलेपन की भावना को भी कम कर सकता है। यह पहचानना भी बहुत जरूरी है कि रोजमर्रा का तनाव कहीं गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्या का रूप तो नहीं ले रहा है।

हार्मफुल है अधिक चिंता करना

चिंता का असर मन और शरीर दोनों पर पड़ सकता है। लगातार चिंता करते रहना, बेचैनी, चिड़चिड़ापन, ध्यान लगाने में परेशानी, नींद खराब होना तथा लगातार डर या घबराहट महसूस होना रोजमर्रा की जिंदगी में बाधा डाल सकता है।

कुछ लोगों में इसके शारीरिक लक्षण भी दिखाई दे सकते हैं, जैसे- दिल की धड़कन तेज होना, अधिक पसीना आना, मांसपेशियों में तनाव या थकान, मुंह का सूखना, सीने में जकड़न, गला घुटने जैसा महसूस होना, ऐसा लगना कि ठीक से सांस नहीं ले पा रहे हैं।

हालांकि हर बार चिंता या घबराहट होना एंग्जाइटी डिसऑर्डर (चिंता संबंधी विकार) का संकेत नहीं होता। लेकिन जब चिंता बार-बार होने लगे, बहुत ज्यादा बढ़ जाए, व्यक्ति को काफी मानसिक परेशानी देने लगे या उसके काम, पढ़ाई, रिश्तों अथवा दैनिक गतिविधियों को प्रभावित करने लगे, तो किसी योग्य मनोचिकित्सक या क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट से जांच/सलाह लेना महत्वपूर्ण है।

डिप्रेशन को समझना है जरूरी

आज के दौर में डिप्रेशन (अवसाद) एक सामान्य मानसिक स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है, जिसे कई बार पहचाना नहीं जा पाता। यह केवल कुछ समय के लिए उदास रहने या किसी काम को करने की इच्छा न होने तक सीमित नहीं होता है। डिप्रेशन व्यक्ति के सोचने और महसूस करने के तरीके को प्रभावित कर सकता है। वह अपने बारे में, अपने आस-पास की परिस्थितियों के बारे में और अपने भविष्य के बारे में किस तरह सोचता है। इसका असर नींद, काम और दूसरे लोगों के साथ बातचीत पर भी पड़ सकता है।

डिप्रेशन के प्रमुख लक्षण

डिप्रेशन के प्रमुख लक्षणों में शामिल हैं-दिन के अधिकांश समय उदासी या खालीपन महसूस होना। उन गतिविधियों में रुचि या आनंद कम हो जाना, जिनमें पहले खुशी मिलती थी। ऊर्जा की कमी महसूस होना। लोगों से बातचीत करने में रुचि कम होना। नींद या भूख में बदलाव होना। ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई महसूस होना। अपराधबोध या खुद को बेकार समझना। निराशा और असहायता की भावना। मृत्यु की इच्छा या आत्महत्या के विचार आना। इनके अलावा कुछ लोग परिवार और दोस्तों से दूरी बनाने लगते हैं या उन गतिविधियों को करना बंद कर देते हैं, जिनका वे पहले आनंद लेते थे। डिप्रेशन कभी-कभी बिना किसी स्पष्ट कारण के शरीर में दर्द, जल्दी चिड़चिड़ापन या नशीले पदार्थों के सेवन में बढ़ोतरी के रूप में भी दिखाई दे सकता है।

डिप्रेशन का ट्रीटमेंट

डिप्रेशन को केवल एक दौर या ऐसी चीज समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, जिसे व्यक्ति बस अपनी इच्छा से ठीक कर सकता है। जब लक्षण लगातार बने रहें और दैनिक जीवन को प्रभावित करने लगें, तो एक्सपर्ट डॉक्टर की गाइडेंस जरूरी है। डिप्रेशन का इलाज संभव है और समय पर उपचार शुरू करने से महत्वपूर्ण फर्क पड़ सकता है। डिप्रेशन का उपचार हर व्यक्ति के लिए अलग हो सकता है। इसमें साइकोथेरेपी, जीवनशैली में बदलाव और जरूरत के अनुसार दवाएं शामिल हो सकती हैं। अनुभवी मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ लक्षणों का मूल्यांकन करके उचित उपचार का सुझाव दे सकते हैं।

ऐसे करें मेंटल हेल्थ केयर

अपने मानसिक स्वास्थ्य पर भी नियमित ध्यान देने की जरूरत होती है, ठीक उसी तरह जैसे हम अपने शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखते हैं। इसके लिए पर्याप्त नींद लेना, सक्रिय रहना, अच्छे और महत्वपूर्ण रिश्तों को बनाए रखना, अपने लिए वास्तविक और उचित अपेक्षाएं रखना तथा आराम करने और तनाव कम करने के लिए समय निकालना भावनात्मक रूप से सशक्त करने में मदद कर सकता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हेल्थ के लिए मदद मांगना कमजोरी की निशानी नहीं है। यह पहचानना कि कुछ ठीक नहीं है और किसी योग्य विशेषज्ञ से सहायता लेना सुधार और स्वस्थ होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। किसी भी प्रकार की मानसिक समस्या को शुरुआती स्तर पर पहचानने और मनोचिकित्सक से परामर्श लेने पर लोग तनाव और चिंता को बेहतर तरीके से नियंत्रित कर सकते हैं। इसी तरह डिप्रेशन का उचित उपचार लेना और रोजमर्रा की जिंदगी की चुनौतियों से निपटने के स्वस्थ तरीके विकसित करना सीख सकते हैं। इससे आप मेंटली हेल्दी रहेंगे। *



प्रस्तुति: विवेक शुक्ला



कब लें साइकिएट्रिस्ट से सलाह

किसी भी तरह की मानसिक समस्या के बारे में डॉक्टर से कंसल्ट करने के लिए लक्षणों के बहुत गंभीर होने तक इंतजार करना जरूरी नहीं है। यहां बताई जा रही स्थितियां भी मनोचिकित्सक से बात करने के लिए पर्याप्त हो सकती हैं।

- अगर आप अपने मूड, नींद या भूख में लगातार बदलाव महसूस करते हैं।
- अगर आप अपनी रोजमर्रा की जिम्मेदारियों को संभालने में कठिनाई महसूसते हैं।
- अपने करीबी लोगों से दूरी बनाने लगना।
- हर समय बेवजह बहुत ज्यादा या नियंत्रण से बाहर लगने वाली चिंता।
- पहले पसंद आने वाली गतिविधियों में रुचि खत्म हो जाना।
- यदि किसी व्यक्ति को खुद को नुकसान पहुंचाने या आत्महत्या के विचार आ रहे हों, तो तुरंत मनोचिकित्सक से मदद लेनी चाहिए।

डिजीज
डॉ. जे. रावत
सीनियर फिजीशियन, दिल्ली

अकसर लोग मामूली चोट को नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन कई बार छोटी सी चोट भी सेप्सिस में बदल जाती है और जानलेवा साबित हो सकती है। इसलिए इसके बारे में पूरी जानकारी होना आवश्यक है। सेप्सिस के कारण, लक्षण और उपचार के बारे में बहुत उपयोगी सलाह।

कहीं चोट न बन जाए जानलेवा सेप्सिस



सेप्सिस या सेप्टिसीमिया सीवियर मेडिकल स्थिति है, जो छोटी-सी चोट या घाव से शुरू हो सकती है। जिस पर ध्यान न देने पर यह जानलेवा हो सकती है। सेप्सिस में हमारा शरीर किसी इंफेक्शन के प्रति इम्यून रिएक्शन देने लगती है। इसकी वजह से शरीर अपने ही टिश्यूज को डैमेज करने लगता है यानी खुद को नुकसान पहुंचाना शुरू कर देता है।

असल में हमें किसी तरह का इंफेक्शन (फंगल, वायरल, बैक्टीरियल) होता है, तब हमारे शरीर का इम्यून सिस्टम उस इंफेक्शन के खिलाफ रि-एक्शन करता है। इस रि-एक्शन के दौरान शरीर कई तरह के एंजाइम्स या प्रोकैल्सिटोनिन प्रोटीन रिलीज करता है, जो आमतौर पर शरीर को इंफेक्शन से बचाते हैं। लेकिन सेप्सिस की स्थिति में शरीर का इम्यून सिस्टम इन एंजाइम्स को ठीक तरह रिस्पांड नहीं कर पाता या कंट्रोल से बाहर हो जाता है। यह रिएक्शन इतना बढ़ जाता है कि शरीर अपने ही अंदरूनी अंगों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर देता है।

सेप्सिस की एडवांस स्टेज को सेप्टिक शॉक मल्टीऑर्गन फेलियर कहा जाता है। इसमें इंफ्लामेटरी रिस्पांस की वजह शरीर में डिहाइड्रेशन होना शुरू हो जाता है, ब्लड सर्कुलेशन में बदलाव आने लगता है, मरीज का ब्लड प्रेशर बहुत कम हो जाता है। इस कॉम्प्रोमाइज सर्कुलेटरी सिस्टम के कारण शरीर के विभिन्न अंगों तक ऑक्सीजन ठीक तरह से नहीं पहुंच पाती। जिसका असर फेफड़ों, हार्ट, किडनी जैसे अंगों पर पड़ता है। शरीर में शॉक और मल्टीऑर्गन फेलियर जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती हैं। मरीज की मौत भी हो सकती है।

क्या कहते हैं आंकड़े: एक रिपोर्ट के हिसाब से पूरे एशिया में भारत सेप्सिस से होने वाली मौतों (तकरीबन 34 प्रतिशत) में दूसरे नंबर पर आता है। आईसीयू में भर्ती लोगों को इसका ज्यादा खतरा होता है। विडंबना है कि इसके बारे में लोगों में जागरूकता की कमी है और इसकी वजह से लाखों लोगों को जान गंवानी पड़ती है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़े बताते हैं कि दुनिया में हर 3 सेकेंड में किसी एक व्यक्ति की सेप्सिस से मौत हो जाती है।

क्या है कारण: शरीर में अधिकतर इंफेक्शन सेप्सिस की वजह बन सकते हैं जैसे- निमोनिया, यूरिनरी ट्रेक्ट इंफेक्शन, एब्डोमन इंफेक्शन, स्किन इंफेक्शन, मेनेंजाइटिस ब्रेन इंफेक्शन। कभी-कभी छोटी-सी चोट लगने, खरोंच आने, कटने, कीड़े के काटने पर भी सेप्सिस हो सकता है। अगर वो इंफेक्शन समय रहते ठीक न हो, तो बैक्टीरिया पूरे शरीर में फैल सकते हैं और सेप्सिस इंफेक्शन विकसित हो सकता है।

क्या हैं लक्षण: तेज बुखार आना, ब्लड प्रेशर में बार-बार उतार-चढ़ाव होना, असहनीय बदन दर्द होना, थकावट और कमजोरी महसूस होना। ब्लड प्रेशर कम होना। स्किन के घाव में से पस निकलना, पेट में दर्द होना। हार्टबीट बढ़ना। शरीर में सूजन आना और ब्लड क्लॉट होना।

क्या होता है असर: शरीर के विभिन्न अंगों पर असर पड़ने से उन अंगों का ठीक तरह काम न कर पाना, जैसे- लिवर पर असर होने पर जांडिस होना, फेफड़ों में एक्यूट रेस्पेरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम होना, ऑक्सीजन लेवल कम होना, सांस लेने में दिक्कत होना, ब्रेन पर असर होने पर बेहोशी आना, दौरे पड़ना, सिर दर्द होना, किडनी पर असर होने पर यूरिन में कमी होना, स्किन पर रैशेज होना, स्किन के कलर में बदलाव होना।



किन्हें है ज्यादा रिस्क: किसी भी तरह के इंफेक्शन से जूझ रहे लोग, निमोनिया बुखार से पीड़ित, शुगर कंट्रोल न होने पर डायबिटीज, लिवर या हार्ट की बीमारी हो, इम्यूनिटी कमजोर होना, 60 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग या 2 साल से कम उम्र के बच्चे।

कब जाएं डॉक्टर के पास: सतर्क रहना जरूरी है। जब भी मरीज को बुखार के साथ किसी तरह की चोट या इंफेक्शन हो, सांस तेज चल रही हो, ब्लड प्रेशर कम हो रहा हो। तो बिना देर किए डॉक्टर को कंसल्ट करना चाहिए।

क्या है इलाज: मरीज की स्थिति के आधार पर इलाज किया जाता है। प्रो-कैल्सिटोनिन प्रोटीन का पता लगाने के लिए बीआरएएचएमएस प्रो. कैल्सिटोनिन ब्लड टेस्ट, ब्लड कल्चर, इंफेक्शन वाली जगह से कल्चर किया जाता है। कोशिश की जाती है कि मरीज के अंग कम से कम प्रभावित हों और सेप्सिस इंफेक्शन जल्द ठीक हो जाए। जैसे- ब्लड प्रेशर कम होने पर इंटरावैस्कुलर ड्रॉप से फ्लूड दिए जाते हैं। ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने के लिए वेजो प्रेशर मेडिसिन दी जाती है। इंफेक्शन कंट्रोल करने के लिए एंटी-बायोटिक मेडिसिन दी जाती हैं। सांस लेने में दिक्कत होने पर मरीज को ऑक्सीजन भी दी जाती है। स्किन में इंफेक्शन होने पर पस निकल रही हो तो उसे साफ करने के लिए सर्जरी भी की जाती है। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा



सेप्सिस से ऐसे करें बचाव

- फ्लू, निमोनिया या इंफेक्शन से बचाव के लिए फ्लू वैक्सीन जरूर लगवाएं।
- साफ-सफाई और पर्सनल हाइजीन का ध्यान रखें। रेगुलर हैंडवॉश करें।
- हेल्दी लाइफस्टाइल मेंटेन करें। रेगुलर एक्सरसाइज करें।
- किसी भी तरह की चोट लगने या इंफेक्शन को नजरअंदाज न करें। डॉक्टर से कंसल्ट करें।
- अपने आप कोई दवाई न लें। डॉक्टर द्वारा दी गई एंटी-बायोटिक का कोर्स नियमित लें और कोर्स पूरा करें।
- पौष्टिक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार लें।

अवेयरनेस
डॉ. माजिद अलीम

बदलते मौसम, प्रदूषण के कारण अस्थमा की समस्या बढ़ सकती है। यह बहुत पेनफुल समस्या है। इससे बचाव के लिए आपको यहां बताई जा रही सावधानियों पर अमल करना चाहिए।

अस्थमा जब हर सांस महसूस होने लगे भारी



सांस लेना हमारे जीवन की सबसे स्वाभाविक प्रक्रिया है। इतनी स्वाभाविक कि कई बार तो हम इसकी अहमियत ही नहीं महसूस करते, लेकिन जब यही सांस बीच-बीच में रुक-रुककर आने लगती है, सीने में जकड़न हो जाती है और एक-एक सांस के लिए संघर्ष करना पड़ता है, तब पता चलता है, जीवन के लिए यह कितनी अनमोल है।

बढ़ रही है समस्या: आज दुनिया भर के शहरों में अस्थमा जैसी बीमारी का शिकंजा बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में इसलिए जकड़ रहा है, क्योंकि शहरों की हवा जहरीली हो गई है। ऐसे में समय पर इलाज और सामूहिक प्रयास से हम हर सांस को सुरक्षित बना सकते हैं। दुनिया भर में अस्थमा के मामलों में 21वीं सदी की शुरुआत से ही वृद्धि हो रही है। क्योंकि दुनिया का पर्यावरण लगातार प्रदूषित हो रहा है।

क्या है अस्थमा: अस्थमा एक क्रॉनिक यानी दीर्घकालिक श्वसन रोग है, जिसमें श्वास नलिकाएं सूज जाती हैं और सूजकर सक्रिय हो जाती हैं। इससे पीड़ित व्यक्ति को सांस लेने में कठिनाई होती है। सीने में जकड़न महसूस होती है तथा खांसी और घरघराहट जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। अपने देश में तीन से चार करोड़ लोग अस्थमा से पीड़ित हैं, जिनमें बुजुर्ग भी हैं, बच्चे भी हैं और नौजवान भी।

अस्थमा के मुख्य कारण: वायु प्रदूषण अर्थात वातावरण में पीएम 2.5, धूल, धुआं आदि की मौजूदगी। अस्थमा एलर्जी के कारण भी होता है। पराग कणों, धूल के कणों और पालतू जानवरों से अस्थमा की एलर्जी होती है। धूम्रपान करने और धूम्रपान करने वालों के बीच रहने के कारण भी अस्थमा की समस्या हो जाती है। बदलती जलवायु और तापमान भी इसका कारण होता है। कुछ मामलों में अस्थमा आनुवांशिक कारणों से भी होता है। छोटे बच्चों में अस्थमा के मामले इन दिनों इसलिए तेजी से बढ़ रहे हैं, क्योंकि वायु प्रदूषण, उनको पढ़ाई के समय, खेल के समय और सामान्य जीवन की गतिविधियों को अंजाम देते समय हर समय प्रभावित करता है।

लाईलाज नहीं है अस्थमा: कई लोग अस्थमा को लाईलाज बीमारी मानते हैं, जबकि ऐसा है नहीं। अगर सही से देखरेख की जाए और सावधानियां बरती जाएं तो अस्थमा पूरी तरह से कंट्रोल में रहने वाली बीमारी है। इनहेलर, दवाएं और सही जीवनशैली अपनाकर अस्थमा के मरीज आम लोगों की तरह सहज जीवन गुजार सकते हैं।

सावधानी है जरूरी: अस्थमा चाहे जितना कंट्रोल में हो, एक आपात स्थिति की आशंका हमेशा बनी रहती है और अस्थमा का अटैक हमेशा अचानक होता है, यह कई बार जानलेवा भी हो सकता है। इसलिए अस्थमा के पीड़ित मरीजों को ऐसी स्थिति से हमेशा सतर्क रहने की जरूरत होती है और उन्हें यह समझना होता है, साथ ही अपने साथ रहने वाले लोगों को समझाकर रखना होता है कि आखिरकार अस्थमा के अटैक के लक्षण क्या हैं और अगर यह अटैक आता है, तो इससे हमें किस तरह सावधान रहना चाहिए। इन बातों की जानकारी न सिर्फ अस्थमा के मरीज को बल्कि इनके साथ रहने वाले लोगों को भी होनी चाहिए, तभी समय पर अचानक आए अस्थमा के अटैक से बचा जा सकता है।

अस्थमा से बचाव के उपाय: अस्थमा से बचाव के लिए आप ये सावधानियां बरतें।

- जब भी घर से बाहर निकलें, मास्क पहनें, विशेषकर जब एक्यूआई ज्यादा हो।
- धूल, धुआं, परागकण या ठंडी हवा, अस्थमा को ट्रिगर कर सकते हैं। इसलिए इन स्थितियों से सावधान रहें।
- डॉक्टर द्वारा बताए गए तरीके से इनहेलर का उपयोग करें।
- घर की सफाई रखें, धूल, मिट्टी, कारपेट और पुराने गद्दे अस्थमा से एलर्जी को बढ़ा सकते हैं।
- स्मोकिंग और सेकेंड हैंड स्मोकिंग दोनों से दूर रहें।
- हर दिन नियमित व्यायाम करें, विशेषकर प्राणायाम ताकि फेफड़े मजबूत हों।
- समय पर डॉक्टर से संपर्क करें। देरी करने पर तबियत बिगड़ सकती है। *

खबर संक्षेप

समागम की सफलता पर आभार जताया

हिसार। बाबा जोध सचियार सेवा समिति से जुड़े भ्याणा एवं सेवक परिवारों ने विगत दिवस अग्रसैन भवन में हुए दसवें महान संत समागम एवं सत्संग समारोह की सफलता पर प्रदेश भर से भारी संख्या में आये श्रद्धालुओं व अतिथियों का आभार जताया है। समागम की समाप्ति पर समिति के प्रधान दयानंद भ्याना की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यक्रम के हर तरह से सफल रहने पर खुशी जाहिर करते हुए सहयोगियों का व श्रद्धालुओं का आभार जताया गया।

नवोदय विद्यालय पाबड़ा में हुई मॉक ड्रिल

हिसार। उपायुक्त महेंद्र पाल के निर्देशानुसार जवाहर नवोदय विद्यालय पाबड़ा में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं एसडीआरएफ द्वारा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के उद्देश्य से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान विद्यालय परिसर में आपात स्थिति उत्पन्न होने पर अपनाई जाने वाली बचाव एवं राहत प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं स्टाफ को आपदा की स्थिति में सुरक्षित निकासी, प्राथमिक बचाव, राहत कार्य तथा आपसी समन्वय के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। मॉक ड्रिल में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, फायर ब्रिगेड विभाग, रेड क्रॉस विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। संबंधित विभागों द्वारा आपात स्थिति में बचाव कार्य, अग्निशमन, प्राथमिक उपचार एवं चिकित्सा सहायता की प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया गया।

नगरपालिका नारनौंद में बहुविभागीय सेवा शिविर

नारनौंद । सेवा संकल्प अभियान के तहत नगरपालिका नारनौंद परिसर में बहुविभागीय सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अलग अलग विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पहुंचकर आम नागरिकों को विभिन्न सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाई और उनकी समस्या का मौके पर ही समाधान किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप तौर पर नपा चेयरमैन शमशेर कुकन और भाजपा महिला जिला अध्यक्ष नीलम जांगड़ा ने शिरकत की। इस अवसर नपा सचिव प्रदीप कुमार, पार्षद सुनील बैरागी, टेकराम शर्मा, अकाउंटेंट नीलम नैन, विजय आदि मौजूद थे।

राजकीय महाविद्यालय नारनौंद में हुई कार्यशाला

नारनौंद। राजकीय महाविद्यालय नारनौंद में प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में "अंडरस्टैंडिंग इंडिया, बिल्डिंग करियर्सः फ्रॉम कांस्टीट्यूशनल अवेयरनेस टू कॉम्पिटिटिव रेडिनेस विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संविधान, शासन व्यवस्था, समसामयिक मुद्दों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ बेहतर करियर निर्माण के लिए जागरूक करना था। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ. विजय कुमार वर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय रहे।

टाउन पार्क के पास चौक पर सेवा ज्योति कलश की स्थापना

सेवा से सुशासन और सुशासन से विकसित भारत की राह होगी तैयारः रणबीर गंगवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। विकसित भारत संकल्प सभा के उपरांत जनसमूह के साथ सेवा ज्योति यात्रा निकालते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा व अन्य अतिथिगण।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और समर्पण काल को समर्पित सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को ताऊ देवीलाल टाउन पार्क में जिला स्तरीय विकसित भारत संकल्प सभा और सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टाउन पार्क के समीप चौक पर सेवा ज्योति कलश की स्थापना की गई। सेवा ज्योति कलश की स्थापना कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक सावित्री जिंदल, विधायक रणधीर पनिहार और जिलाध्यक्ष आशा खेदड़ द्वारा संयुक्त रूप से की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से हिसार की जनता को संबोधित किया। इससे पहले कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश हित में लिए गए ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी निर्णयों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस जिलास्तरीय संकल्प सभा का मुख्य उद्देश्य केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है।

पीएम को दी बधाई

गंगवा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाने के साथ विकास की नई दिशा तय की है। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और इसके बाद देश का नेतृत्व करते हुए उन्होंने भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने का काम किया है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से सरकार और जनता के बीच संवाद को और मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेवा से सुशासन और सुशासन से विकसित भारत की राह तैयार होती है। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, पूर्व मंत्री अनूप धानक, मेयर प्रवीण पोपली, भाजपा जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, चेयरमैन रविंद्र रॉकी, उपायुक्त महेंद्र पाल, अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल, श्रीनिवास गोयल, भाजपा नेता सुरेंद्र आर्य, प्रवीण जैन, पूर्व चेयरमैन रणधीर धीरू, रामनिवास राड़ा आदि उपस्थित रहे।

बरवाला सिविल अस्पताल की बदहाल व्यवस्था के खिलाफ संगठनों का मोर्चा

- खाली पद भरने, एक्स-रे व जांच सुविधाएं शुरू करने की मांग
- 15 दिन में सुधार नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला



बरवाला। जनसंगठनों के मोर्चा में विचार रखते वक्ता।

शहर के सिविल अस्पताल में डॉक्टरों व अन्य स्टाफ की कमी, जांच सुविधाओं के अभाव और मरीजों को बार-बार रेफर किए जाने के मुद्दे पर सद्भावना समिति सहित विभिन्न जनसंगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। किसान रेस्ट हाउस में बुधवार को रोहतास राजली, राजेश श्योकंद और बसाऊराम बरवाला की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक हुई। संचालन सरदानंद राजली ने किया। इसके बाद संगठनों ने एसडीएम बरवाला को ज्ञापन सौंपकर अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में तत्काल सुधार की मांग की। जनसंगठनों ने कहा कि बरवाला सिविल अस्पताल आसपास के गांवों सहित बड़ी आबादी के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र है, लेकिन पर्याप्त डॉक्टरों, स्टाफ और जांच सुविधाओं के अभाव में मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सामान्य उपचार के लिए आने वाले मरीजों को भी हिसार, अग्रोहा या अन्य अस्पतालों में रेफर किए जाने से गरीब और आम परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

ज्ञापन के माध्यम से अस्पताल में खाली पड़े मेडिकल ऑफिसर और फार्मासिस्ट के सभी स्वीकृत पद तत्काल भरने की मांग की गई।

ये रहे मौजूद

बैठक में राजसिंह बौद्ध, सीताराम, मास्टर देशराज, प्रतीक बरवाला, राजेश सरसौद, ऋषिकेश राजली, डॉ. करतार सिंह, दिलबाग सिंह, परमानंद, मुकेश गर्ग, राजेन्द्र खुराना, बाबूलाल, कामरेड मोहनलाल, विजय कुमार, पंकज मेहरा, निर्मल सिंह, कृष्ण कुमार, काला राम, रोशन लाल और जगदीश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

संविधान की प्रस्तावना पढ़ वकीलों ने जताया विरोध



हिसार। दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कुमारी सैलजा और इंडिया गठबंधन के अन्य नेताओं को हिरासत में लिए जाने के विरोध में एआईसीसी लीगल डिपार्टमेंट हरियाणा के आह्वान पर हिसार में वकीलों ने विरोध-प्रदर्शन किया। लघु सचिवालय परिसर स्थित बाबा साहब डॉ. बी.आर. आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष एकत्र हुए वकीलों ने सामूहिक रूप से भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रतन सिंह पानू, पवन तुंदवाल, हिमांशु आर्य खोवाल, कुसुम प्रजापति, साक्षी चौधरी, श्वेता शर्मा, साक्षी चौधरी, मनीषा, शबनम, अलका, मंजू, मोनिका, अरविंद, सोमदत शर्मा, विपिन, अनुज, विनोद गुरी, अनिल भोरिया, जीआर नागर, नरेंद्र नागर, सीआर वर्मा, मंदरूप, फूलकुमार सांगवान, रणधीर मलिक, जयसिंह सैनी, कुलवंत सैनी, ओपी धतरवाल, कर्मपाल कुहाड़, जगदीश राठौड़, दीपक घोड़ेला, हिमांशु, सत्यवान जांगड़ा व अन्य मौजूद रहे।

पंजाब में खिसकते जनाधार से बौखलाकर भाजपा ने छापे मरवाए

हांसी। आम आदमी पार्टी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के कैंप ऑफिस और अन्य स्थानों पर सीबीआई की छापेमारी पर भाजपा ने निशाना साधा है। पार्टी ने आरोप लगाया कि पंजाब में आप सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों से जनता का विश्वास बढ़ने और भाजपा के जनाधार में गिरावट को देखते हुए छापेमारी के जरिए राजनीतिक दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। पार्टी की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य एवं हांसी जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोरखी ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के कैंप ऑफिस के साथ उनके ओएसडी राजबीर घुम्मन के संगरूर स्थित निवास पर भी सीबीआई ने छापेमारी की कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी छापों के बाद आशंका जताई है कि आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर भाजपा सरकार सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग कर सकती है।

शेल्टर हाउसों में सफाई व पर्यावरण मानकों का पालन सुनिश्चित करें

- जिला स्तरीय शेल्टर हाउस मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त महेंद्र पाल।

उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय शेल्टर हाउस मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक लघु सचिवालय परिसर स्थित वीसी सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिले में संचालित शेल्टर हाउसों की स्थिति, स्वच्छता व्यवस्था, पर्यावरण मानकों तथा संबंधित विभागों द्वारा की जा रही निगरानी को लेकर विस्तार से समीक्षा की गई।

उपायुक्त महेंद्र पाल ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि जिले में संचालित शेल्टर हाउसों में निर्धारित नियमों एवं मानकों की पालना हर हाल में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शेल्टर हाउसों में स्वच्छता, साफ-सफाई, अपशिष्ट के उचित निस्तारण तथा पर्यावरण संबंधी निर्धारित मानकों की नियमित रूप से जांच की जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शेल्टर हाउसों की नियमित मॉनिटरिंग करें और निरीक्षण के दौरान सामने आने वाली कमियों को निर्धारित समयावधि में दूर करवाना सुनिश्चित करें। नियमों की अवहेलना पाए जाने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाए।

लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि शेल्टर हाउसों के संचालन में निर्धारित स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पर्यावरण संबंधी प्रावधानों का पालन करवाना संबंधित विभागों की सीधी जिम्मेदारी है।

कालवास में क्लस्टर स्तरीय इतिहास प्रदर्शनी का समापन



हिसार। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालवास में हिसार मंडल के सौजन्य से आयोजित दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय इतिहास प्रदर्शनी का बुधवार को समापन हुआ। प्रदर्शनी का आयोजन विद्यालय की इतिहास प्रवक्ता प्रिया रानी की अगुवाई में किया गया। समापन समारोह में इतिहास प्रवक्ता महेंद्र शैलेंद्र ने विचार रखे। कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज के प्रोफेसर उमाशंकर मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को अतीत के गुमनाम नायकों और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान से अवगत कराया तथा इतिहास को समझने के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने इतिहास से जुड़े विभिन्न विषयों पर आकर्षक मॉडल, चित्र और अन्य सामग्री प्रस्तुत की। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की रचनात्मकता और ऐतिहासिक विषयों के प्रति रुचि देखने को मिली। इतिहास प्रवक्ता प्रिया रानी के मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालवास के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के संचालन और व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उत्तम नगर में भागवत कथा के चौथे दिन कृष्ण जन्म पर झूमे श्रद्धालु

हिसार। पितृ पक्ष के उपलक्ष्य में महिला संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में उत्तम नगर में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन कृष्ण जन्म प्रसंग का वर्णन किया गया। कथा वाचक पं. यशोदानन्दन महाराज ने कथा में प्रवचन देते हुए कहा कि जब-जब संसार में धर्म की हानि होती है और अधर्म का बढ़ावा होता है तो भगवान भिन्न-भिन्न अवतार लेकर धरती पर आते हैं और दुष्टों का संहार करके अपने भक्तों की रक्षा करते है। कथा में कृष्ण जन्म की सुंदर झांकी निकाली गई। इस अवसर पर गुरुद्वारा के मुख्य सेवादार बाबा त्रिलोचन सिंह, पूर्व पार्षद मनोहर लाल नांगरु, हरीश नागपाल, अमरलाल कुकड़ेजा, आर.के.शर्मा, जयसिंह, हिमांशु, नीटा नागपाल, सीमा माटा, मनप्रीत, आशु सपड़ा, प्रभुता, कृतिका, सुमन सैनी, ललिता भाटिया, शकुंतला, गीता, मूर्ति देवी, सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



हिसार। बोहो आर्ट व प्रतिभागियों के साथ प्राचार्या डॉ. कमलेश दुहन।

बोहो एवं मार्बल कोन आर्ट का विद्यार्थियों को दिया प्रशिक्षण

हिसार। राजकीय महाविद्यालय नलवा में जिला उच्च शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्या डॉ. कमलेश दुहन के नेतृत्व तथा डॉ. कविता खरींटा के संयोजन में छात्राओं के लिए बोहो आर्ट एवं मार्बल कोन आर्ट पर आधारित रचनात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए दोनों कलाओं की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. कमलेश दुहन ने कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इनके माध्यम से विद्यार्थियों में नई सोच, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का विकास होता है। साथ ही, ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों के लिए स्वरोजगार की संभावनाओं के नए अवसर भी खोलती हैं। कार्यशाला के दौरान छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न आकर्षक कलाकृतियां तैयार कीं। इस दौरान महिला प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. मीनाक्षी, डॉ. सरोज, डॉ. सुप्रिया, डॉ. विनोद गिल, डॉ. दीपक दलाल, डॉ. वीरेंद्र, डॉ. सीमा तथा लाइब्रेरियन धर्मेंद्र सहित महाविद्यालय के अनेक शिक्षक मौजूद रहे। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की।

मतदाता सूची के लंबित नोटिसों के निपटारे के लिए विशेष शिविर



हिसार। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान लंबित नोटिसों के निपटारे के लिए 7 से 9 अक्टूबर तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं और उनका निपटान अभी लंबित है, उनके लिए जिले के सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में मतदान केंद्रों पर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही बीएलओ घर-घर जाकर भी लंबित नोटिसों से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करेंगे। उपायुक्त महेंद्र पाल ने नोटिस प्राप्त करने वाले सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे निर्धारित तिथियों में अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर अथवा संबंधित बीएलओ के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज जमा करवाते हुए नोटिस का निपटान करवाना सुनिश्चित करें, ताकि उनका नाम मतदाता सूची में यथावत बना रहे।

शिविर में 100 युवाओं ने किया रक्तदान

आदमपुर। गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक आदमपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत भव्य रक्तदान शिविर एवं जेंडर सेंसिटाइजेशन व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिसार मंडल की आयुक्त गीता भारती उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गीता भारती, प्राचार्य डॉ. बिजेंद्र सिंह, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर नरेश घनघस तथा एनएसएस अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया। उन्होंने रक्तदान करने वाले विद्यार्थियों एवं अन्य रक्तदाताओं की हौसला-अफजाई की। मुख्य अतिथि गीता भारती ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने युवाओं से समाजसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। शिविर में विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। सिविल अस्पताल हिसार की ब्लड बैंक टीम ने कुल 100 रक्तदाताओं से रक्त संग्रहित किया। इस दौरान युवाओं में रक्तदान को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। एनएसएस अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा ने कहा कि रक्तदान केवल सामाजिक सेवा नहीं, बल्कि किसी व्यक्ति को जीवन देने का माध्यम है। शिविर में राकेश कोहली ने 69वीं बार, डोभी की बिमला ने 50वीं बार, अशोक घुड़साल ने 45वीं बार, आनंद मोहब्बतपुर ने 70वीं बार तथा विवेक ढलाल ने 52वीं बार रक्तदान किया। वहीं, 50 से अधिक विद्यार्थियों ने पहली बार रक्तदान कर इस पुनीत कार्य की शुरुआत की।



आदमपुर। रक्तदाता का हौसला बढ़ाती हिसार मंडलायुक्त गीता भारती। फोटो : हरिभूमि



हिसार। श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा के सदस्य मेयर प्रवीण पोपली व पूर्व मेयर गौतम सरदाना को निमंत्रण पत्र देते हुए। फोटो : हरिभूमि

मेयर पोपली व पूर्व मेयर सरदाना को दशहरा महोत्सव का दिया निमंत्रण

हिसार। श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा, मुलतानी चौक के सदस्यों ने नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली व पूर्व मेयर गौतम सरदाना को दशहरा महोत्सव में अतिथि के तौर पर आने का निमंत्रण पत्र दिया। निमंत्रण पत्र देने वालों में सभा के प्रधान सुरेश कक्कड़, महासचिव ओमप्रकाश असीजा, कोषाध्यक्ष भीमसैन नारंग, वरिष्ठ उपप्रधान सुरेन्द्र बजाज, उपप्रधान महेश चौधरी, हरिकिशन खन्ना, राजकुमार बजाज, प्रबंधक महेन्द्र टुटेजा, लीगल एडवाईजर रवि महता एडवोकेट, सहसचिव टीनू आहुजा, मीडिया प्रभारी शुभम वलेचा आदि शामिल रहे। मेयर प्रवीन पोपली व पूर्व मेयर गौतम सरदाना ने दशहरा महोत्सव में आने की सहर्ष स्वीकृति दी। रामलीला सभा के महासचिव ओमप्रकाश असीजा ने बताया कि 10 अक्टूबर को झंडा महोत्सव मनाया जाएगा। इस दिन सायंकाल 4 बजे आर्य बाजार के हनुमान मंदिर से पुजारी देवकीनंदन कपिल द्वारा पूजा-अर्चना करवाने के बाद बैंड बाजों के साथ मुलतानी चौक पार्क तक शोभा यात्रा निकाली जाएगी तथा झंडा स्थापित किया जाएगा। 11 से 19 अक्टूबर तक पार्क में बड़े पर्दे पर रामलीला का मंचन किया जाएगा। 15 अक्टूबर को मुलतानी चौक पार्क से पंजाबी धर्मशाला राजगुरु मार्किट तक धूमधाम से राम बारात निकाली जाएगी।

दशहरे पर 55 फुट ऊंचे रावण का आतिशबाजी के साथ होगा दहन

दशकों से भारतीय संस्कृति, संस्कारों व मर्यादा का संदेश दे रही कटला रामलीला

- कटला रामलीला का भव्य मंचन 10 से शुरू, 20 को होगा 129वां विजयदशमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। कटला रामलीला के प्रपत्र का अनावरण करते श्री रामलीला कमेटी कटला के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

श्री रामलीला कमेटी कटला 10 अक्टूबर से भव्य रामलीला का मंचन शुरू करेगी। पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में आयोजित होने वाली रामलीला की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। हर रोज रात्रि 8.30 बजे रामलीला शुरू होगी और प्रभु श्रीराम की इच्छा तक जारी रहेगी। 14 अक्टूबर को भव्य झांकियों के साथ श्रीराम की बारात शोभा-यात्रा निकाली जाएगी और 21 अक्टूबर को रामलीला संपन्न होगी। 20 अक्टूबर को इसी मैदान में पुतला दहन करते हुए 129वां विजयदशमी महोत्सव मनाया जाएगा। रावण के 55 फुट, कुभकंभ के 50 फुट तथा मेघनाथ के 45 फुट ऊंचे पुतलों को दहन होगा। कटला रामलीला की तैयारियों व विजयदशमी महोत्सव के संदर्भ में महाराजा अग्रसेन भवन में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। प्रधान विनोद गुप्ता ने बताया कि वृंदावन के ख्याति प्राप्त स्वामी श्रीराम वल्लभ शर्मा के सान्निध्य में उच्चकोटि के कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे। उन्होंने बताया कि 12 दिन तक चलने वाली रामलीला व विजयदशमी महोत्सव में हरियाणा के कई मंत्री, पूर्व मंत्री, उच्च पदाधिकारी, उद्योगपति व समाजसेवी अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कटला रामलीला दशकों से भारतीय संस्कृति, संस्कारों व मर्यादा का संदेश दे रही है। रामलीला व श्रीराम बारात में विधायक सावित्री जिंदल, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, समाजसेवी अंजनी कुमार खारियावाले, महेंद्र कुमार गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, पवन रावलवासिया, संजय गुप्ता, डॉ. अजय गुप्ता, विधायक चंद्रप्रकाश, महंत पवन कुमार जोशी, मेयर प्रवीन पोपली, राकेश बंसल, पतराम राजलीवाला, नीरज आर्य, बजरंग दास गर्ग व कैलाश चौधरी व अन्य मौजूद रहेंगे

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सचिव ललित गोयल, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार लोहिया, उप प्रधान अनूप बिंदल, सह सचिव राजकुमार जैन, कार्यकारिणी सदस्य विनोद कंसल, राजेश बंसल, राधेश्याम अग्रवाल, चंद्रभान सोनी, दिनेश जैन व प्रवीन सिंगल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ ही सज्जन गुप्ता, वीरभान बंसल, जनकराज गुप्ता, राजेंद्र बंसल नेताजी, राजेश शर्मा, अशोक शर्मा, कमल किशोर सिंगल, ललित साखला, रामनिवास परसा, केशव सिंगल, सुनील कुमार, आशीष जैन घी वाले, विनोद वर्मा, नीरज, अनिल महाजन, प्रेम कश्यप, रामपाल, गोपाल खेड़ा व दिनेश डाबड़ा सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

केंद्र सरकार महाराजा अग्रसेन की जयंती को राष्ट्रीय पर्व घोषित करे : गर्ग

हिसार। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में अग्रोहा में वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में वैश्य समाज के संगठन को मजबूत करने, समाज की सभी संस्थाओं के बीच आपसी समन्वय बढ़ाने तथा युवा और महिलाओं की सामाजिक संगठनों में भागीदारी बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया गया। बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार को महाराजा अग्रसेन की जीवनी को राष्ट्रीय स्तर पर सीबीएसई बोर्ड के माध्यम से स्कूलों के बच्चों को पढ़ाना चाहिए। साथ ही महाराजा अग्रसेन की जयंती को राष्ट्रीय पर्व घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार को प्रदेश में महाराजा अग्रसेन के नाम पर विश्वविद्यालय बनाना चाहिए। बैठक में राकेश अग्रवाल आगरा, राजेंद्र अग्रवाल नोएडा, सुनील गर्ग मेवात, मनीष गर्ग रेवाड़ी, राजकुमार महाजन ग्वालियर, विकास अग्रवाल जयपुर, शुभम बंसल पानीपत, नितिन गोयल भटिंडा, अशोक बंसल लुधियाना, पंकज गोयल शिमला, अभिनव गोयल, अमरचंद गोयल, अभिषेक अग्रवाल, महेश अग्रवाल, पवन गर्ग, ऋषि राज गर्ग, अनंत अग्रवाल, आनंद गोयल, राजेंद्र बंसल, निरंजन गोयल सहित अन्य प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे।



हिसार। बैठक में आए प्रतिनिधियों को सम्मानित करते बजरंग दास गर्ग।

खबर संक्षेप

साइबर सुरक्षा व मीडिया साक्षरता पर व्याख्यान

हिसार। गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी के फाइनेंस, अकाउंट्स एंड ऑडिटिंग विभाग द्वारा साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत साइबर सुरक्षा एवं मीडिया साक्षरता विषय पर एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. प्रज्ञा कौशिक, मीडिया लिटरेसी एवं डिजिटल सेफ्टी मेंटर रहीं। विभागाध्यक्ष डॉ. मीरा सिवाच ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए साइबर सुरक्षा एवं मीडिया साक्षरता की वर्तमान समय में बढ़ती आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. अंशु, डॉ. साहिल, डॉ. विवेक जांगिड़, डॉ. रितु एवं श्रीमती कविता ने समन्वय एवं सहयोग प्रदान किया।

नंगथला में जागरूकता और सम्मान समारोह

बरवाला। महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय के तत्वावधान में गांव नंगथला में पोषण माह' और 'सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जागरूकता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 'एमडीडी ऑफ इंडिया' तथा 'जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रंस' की टीम ने विशेष सहभागिता निभाते हुए बाल विवाह रोकथाम और 'बेटी बचाओ' विषय पर प्रेरक सांस्कृतिक व रचनात्मक प्रस्तुतियां देकर ग्रामीणों को जागरूक किया। क्षेत्र में स्वास्थ्य व बाल विकास सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली आंगनवाड़ी वर्कर्स, हेल्पर्स और आशा वर्कर्स को स्मृति चिह्न भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

शिमला की आर्ट गैलरी में सजी हिसार की कला

हिसार। ऐतिहासिक एवं प्रतिष्ठित गैटी थिएटर आर्ट गैलरी, शिमला में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी 'फ्रेमिंग ड्रीम्स' में हिसार के कलाकारों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का आयोजन कलाकार मयंक व्यास, निदेशक रैडआर्ट फाउंडेशन द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए 13 कलाकारों की लगभग 75 से 80 कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं। इनमें हिसार की द कलाकर आर्ट टीम के कलाकारों की कैनवास पेंटिंग, स्केचिंग तथा विभिन्न माध्यमों में तैयार कलाकृतियां शामिल रहीं। द कलाकर आर्ट टीम की ओर से ललित विस्सारवाल, विवेक रंगा, अशोक, साहिल, अजय, सिमरन, संजना, चेतन, मनीषा, महक एवं प्रीति ने प्रदर्शनी में भाग लिया।

जैन गर्ल्स स्कूल की छात्रा शीतल रही प्रथम

हिसार। अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जैन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा शीतल ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में निबंध, भाषण, कविता, चित्रकला एवं गायन सहित विभिन्न विधाओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शीतल की शानदार उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्या हेमा चावला एवं शिक्षिकाओं द्वारा उसे बधाई दी गई हार्दिक बधाई दी तथा उसके उज्जवल भविष्य के कामना की।

वानप्रस्थ में मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता संगोष्ठी

शारीरिक की तरह मानसिक शांति व भावनात्मक सुख जरूरी: डॉ. तोमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

वानप्रस्थ सीनियर सिटीजन्स क्लब में वरिष्ठ नागरिकों के लिए "बढ़ती उम्र में मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक सुख-शांति" विषय पर एक विशेष जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा बढ़ती उम्र में तनाव, अकेलेपन और जीवन में आने वाले बदलावों का सकारात्मक ढंग से सामना करने के लिए प्रेरित करना था।



हिसार। संबोधित करते हुए डॉ. शिवांशी तोमर। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. दीप पूनिया द्वारा प्रस्तुत मधुर भजन से हुआ। इसके बाद क्लब के महासचिव डॉ. जे. के. डांग ने मुख्य वक्ता मनोवैज्ञानिक डॉ. शिवांशी तोमर व उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि लोग अक्सर शारीरिक स्वास्थ्य पर तो ध्यान देते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक सुख-शांति भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। बढ़ती उम्र में स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं, अकेलापन, पारिवारिक बदलाव और प्रियजनों का बिछोह मन को प्रभावित कर सकता है। ऐसे समय में सकारात्मक सोच, परिवार व मित्रों का साथ और मन को शांत रखना बहुत जरूरी है।

भूलने की समस्या बढ़े तो विशेषज्ञ से लें सलाह

सत्र को संबोधित करते हुए मनोवैज्ञानिक डॉ. शिवांशी तोमर ने अकेलेपन, तनाव, चिंता, अवसाद, नींद की समस्या और याददाश्त में होने वाले बदलावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कभी-कभार चश्मा या कोई वस्तु रखकर भूल जाना सामान्य बात है, लेकिन यदि भूलने की समस्या लगातार बढ़ रही हो या दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा हो, तो विशेषज्ञ की सलाह लेना उचित रहता है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कई भ्रमों और वास्तविकताओं को भी स्पष्ट किया। इस अवसर पर समाजसेवी सुनीता रहेजा, सत्यवती, डॉ. अमृत लाल खुराना, डॉ. आर. के. पूनिया, करतार सिंह, डॉ. एमएस मलिक, डॉ. आरपीएस खरब और डॉ. आरड. शर्मा सहित कई सदस्यों ने भाग लिया।

एआई और साइबर सिक्योरिटी में रोजगार के बढ़ते अवसरों से छात्राओं को कराया अवगत



हिसार। राजकीय महिला महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं साइबर सिक्योरिटी में करियर की संभावनाओं विषय पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत केयर, हनीवेल टेक्नोलॉजी फ्यूचर एज स्किल्स प्रोग्राम की सीनियर कोऑर्डिनेटर अदिति गुप्ता ने बतौर रिसोर्स पर्सन छात्राओं को संबोधित किया। अदिति गुप्ता ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सिक्योरिटी के तेजी से विकसित होते क्षेत्रों, इनमें रोजगार एवं स्वरोजगार की संभावनाओं तथा भविष्य में इनकी बढ़ती मांग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तकनीकी ज्ञान के साथ डिजिटल स्किल्स, समस्या समाधान क्षमता, रचनात्मक सोच और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति आज के प्रतिस्पर्धी रोजगार बाजार में महत्वपूर्ण हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य सतीश कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा रोजगार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने प्लेसमेंट सेल एवं वाणिज्य विभाग के प्रयासों की सराहना की। प्लेसमेंट सेल की समन्वयक डॉ. वसुंधरा ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए डिग्री के साथ इंडस्ट्री स्किल्स विकसित करना भी जरूरी है। व्याख्यान में 47 छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिना पाहुजा, ज्योति, अन्नू गोयल एवं डॉ. सुमन ने अहम भूमिका निभाई।

गवर्नमेंट कॉलेज बरवाला की प्रतिभा खोज स्पर्धा की गायन विधा में अमन अव्वल

बरवाला। राजकीय महाविद्यालय बरवाला के प्रांगण में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर जाट महाविद्यालय हिसार के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र बाजिया मुख्य अतिथि थे।

प्राचार्य अनूप सिंह ढांडा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। सांस्कृतिक प्रभारी पुष्पा और डॉ नीलम ने इन विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणामों के बारे में बताया कि सिंगिंग प्रतियोगिता में अमन ने प्रथम स्थान और अमीशा ने द्वितीय स्थान तथा अक्षय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डांस डुएट प्रतियोगिता में स्वीटी व तमन्ना ने प्रथम स्थान और रोजी व खुशबू ने द्वितीय स्थान तथा अंजलि व सुमित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

डांस सोलो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मंजू ने प्राप्त किया और खुश्बू ने द्वितीय स्थान तथा साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डांस ग्रुप प्रतियोगिता में रोजी ग्रुप ने प्रथम स्थान और किरण ग्रुप ने द्वितीय स्थान तथा अंजलि ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया।

प्रतिभा खोज के सोलो डांस में मोनिका रही प्रथम



नारनौंद। विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि

नारनौंद। राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चोपटा में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में केएम राजकीय महाविद्यालय, नरवाना के सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर लाल सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लेते हुए अपनी विभिन्न प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक समिति की संयोजक पिंकी देवी ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन एवं व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के विभिन्न आयोजनों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मोनिका ने सोलो डांस प्रथम मोनिका, अनु ने दूसरा और अमित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीलिंग में मनीष ने प्रथम पायल ने दूसरा और कुसुम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। डांस में सुमन व पायल ने प्रथम मुस्कान, मनिका ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

हिसार के खिलाड़ियों ने बढ़ाया देश का मान : भव्य बिश्नोई

हिसार। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आदमपुर भव्य बिश्नोई ने एशियाई खेलों में देश का गौरव बढ़ाने वाले हिसार के स्वर्ण पदक विजेता मनीषा रूहल, अंकुश पंघाल एवं रजत पदक विजेता अंतिम पंघाल के घर पहुंचकर खिलाड़ियों और उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने खिलाड़ियों को शानदार उपलब्धियों के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान भूपेन्द्र पनिहार भी उनके साथ थे। भव्य बिश्नोई ने कहा कि हिसार की मिट्टी ने हमेशा देश को प्रतिभा, परिश्रम और जज्बे से भरपूर खिलाड़ी दिए हैं। इन खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और समर्पण के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का मान बढ़ाया है। उनकी उपलब्धियां हिसार और हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय हैं। उन्होंने ईश्वर से कामना की कि मनिषा रूहल, अंकुश पंघाल और अंतिम पंघाल भविष्य में भी इसी तरह देश का तिरंगा विश्व के बड़े खेल मंचों पर लहराते रहें और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनें।



खिलाड़ी से मिलते पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई।

कॉसमॉस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जीते 8 पदक

हिसार। जिला तैराकी संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में कॉसमॉस पब्लिक स्कूल, गंगवा के छात्रों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कुल 8 पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में विद्यालय के दो उम्दा तैराकों ने पदक तालिका में अपना दबदबा बनाया। आदित्य ने व्यक्तिगत श्रेणी में बेहतरीन खेल का परिचय देते हुए कुल 5 पदक हासिल किए। उन्होंने 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में स्वर्ण पदक, 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक व 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में रजत पदक, तथा 50 मीटर फ्रीस्टाइल व 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते। लक्ष्यवीर ने अपनी उत्कृष्ट तैराकी शैली का प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर, 100 मीटर और 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक स्पर्धाओं में 3 रजत पदक अपने नाम किए। छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन महेंद्र सिंह पायल एवं प्रधानाचार्य हितेश बाबल ने विजेता खिलाड़ियों, उनके कोच और अभिभावकों को बधाई दी।



हिसार। चेयरमैन महेंद्र सिंह पायल एवं प्रधानाचार्य हितेश बाबल के साथ पदक विजेता।

महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में लोक सुर संगम का समापन

लोक गायन की प्रस्तुतियों ने जीता दर्शकों का दिल

हिसार। भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई महिला महाविद्यालय में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज की ओर से हुए सांस्कृतिक उत्सव "लोक-सुर-संगम" का बुधवार को भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन लोक गायन की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। समापन समारोह में अध्यक्ष के तौर पर रंगमंच निर्देशक एवं कलाकार मनीष जोशी तथा मुख्य अतिथि डॉ सुरेश कुमार गोयल सेवानिवृत्त डायरेक्टर एनीमल हसबैंडरी विभाग, कुसुम गोयल, आजाद दूहन चुटकुला सम्राट हरीश बागा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिगण व चेयरमैन भारत भूषण प्रधान, कॉलेज डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा, प्रिंसिपल डॉ. शमीम शर्मा, स्कूल प्रबंधक डॉ. अजीज प्रधान, स्कूल प्रिंसिपल डॉ. सरिता शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान भिवानी-रोहिल्ला गांव की होनहार बेटी एवं एशियन गेम्स में कबड्डी में स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाने वाली मनीषा रोहिल्ला का कॉलेज परिवार की ओर से भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। लोकगायक हरविंद्र राणा ने बम-बम लहरी गाने से कार्यक्रम का आगाज किया। प्रसिद्ध चुटकुला सम्राट आजाद दुहन ने अपनी उपस्थिति से समां बांध दिया। रागनी कलाकार डॉ. प्रवीण कादियान की प्रस्तुति रागनी—साजन के घर आना से मां" ने दादा लखमी चंद की विरासत को जीवंत कर दिया।



हिसार। स्वर्ण पदक विजेता मनीषा को सम्मानित करते हुए।

सूचना के प्रति जागरूक और सजग रहना समय की आवश्यकता : प्रो. योगी

- गुजवि के जन संचार विभाग में राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका पर संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। संगोष्ठी को संबोधित करते प्रोफेसर राकेश कुमार योगी।

डिजिटल युग में सूचनाओं का प्रवाह तेजी से बढ़ा है, लेकिन ऐसे समय में सूचना की विश्वसनीयता को समझना और उसके प्रति जागरूक रहना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। आज व्यक्ति लगातार मोबाइल और डिजिटल माध्यमों के संपर्क में है, जिसका प्रभाव उसके व्यवहार, सोच, सामाजिक संबंधों और जीवनशैली पर भी पड़ रहा है। इसलिए आवश्यकता केवल अधिक से अधिक सूचना प्राप्त करने की नहीं, बल्कि सही सूचना को पहचानने, उसकी सत्यता जांचने और उसका जिम्मेदारी के साथ उपयोग करने की है। यह बात गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के जन संचार विभाग द्वारा राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका पर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी में गुरुग्राम विश्वविद्यालय के मीडिया स्टडीज विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर राकेश कुमार योगी ने जनसंचार के विद्यार्थियों और शोधार्थियों को सम्बोधित करते हुए कही। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो यशपाल सिंगला ने अपने संबोधन में कहा कि व्यक्ति के विचार, सपने और भावनाएं उसकी अपनी भाषा में सबसे सहज रूप से अभिव्यक्त होती हैं। संकायाध्यक्ष प्रो ज्योतसना कम्बोज ने कहा कि विकास आवश्यक है, लेकिन यह प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर होना चाहिए। जन संचार विभागाध्यक्ष डॉ. ए. राम पांडे ने कहा कि पत्रकारिता का दायित्व है कि बिना किसी भय के आमजन की आवाज और उनकी समस्याओं को सत्ता एवं शासन तक पहुंचाया जाए, लेकिन इसके साथ लोकहित और पत्रकारिता की मर्यादाओं का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए।

शोध पद्धति पर दो सप्ताह का ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स प्रारंभ

हिसार। गुजवि के यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (यूजीसी-एमएमटीटीसी) की ओर से 'रिसर्च मैथडोलॉजी इन सोशल साइंसेज' विषय पर यूजीसी प्रायोजित दो सप्ताह के ऑनलाइन अंतरविषयक रिफ्रेशर कोर्स का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 17 अक्टूबर तक चलेगा। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चाबा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में शोध की गुणवत्ता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा अनुसंधान में उपयुक्त शोध पद्धतियों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर यूजीसी-एमएमटीटीसी के निदेशक डॉ. जय भगवान यादव ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम समन्वयक एवं अर्थशास्त्र विभाग के शिक्षक डॉ. मनोज कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर यूजीसी-एमएमटीटीसी के सहायक प्रोफेसर डॉ. अनुराग सांगवान ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। दो सप्ताह तक चलने वाला यह रिफ्रेशर कोर्स प्रतिभागियों द्वारा शोध को अधिक व्यवस्थित, वैज्ञानिक, नैतिक एवं प्रभावशाली बनाने के लिए प्रेरित करेगा।

ओएसजीयू में 'जेंडर सेंसिटिव जस्टिस' पर विशेष व्याख्यान

न्याय और समानता पर टिकी होती है समृद्ध समाज की नींवः डॉ. पुनीत

हिसार। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के 'स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज' द्वारा 'जेंडर सेंसिटिव जस्टिसः सुप्रीम कोर्ट गाइडलाइन्स एंड ज्यूडिशियल रिस्पॉन्सिबिलिटीज' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को समकालीन कानूनी मुद्दों की व्यावहारिक जानकारी और न्यायिक संवेदनशीलता के प्रति जागरूक किया गया।

- समकालीन कानूनी मुद्दों की व्यावहारिक जानकारी दी

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल व प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने अपने प्रेरणादायक संदेश में कहा कि किसी भी समृद्ध समाज की नींव न्याय और समानता पर टिकी होती है। एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड अजय नैन ने दिए टिप्स कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सर्वोच्च न्यायालय के हिसार जिले के प्रथम एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड अजय नैन ने शिरकत की। उन्होंने लैंगिक संवेदनशील न्याय की दिशा में न्यायपालिका के बदलते दृष्टिकोण, सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा निष्पक्षता व समानता सुनिश्चित करने में न्यायिक हितधारकों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। सशक्त अधिवक्ता बनने के लिए संवेदनशीलता जरूरी कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) एन.पी. कौशिक और ग्रुप एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. शोभना पोद्दार विशेष रूप से उपस्थित रहे। विभाग की डीन डॉ. नीलम सिहाग ने संभाला मंच कार्यक्रम का कुशल संयोजन विभाग की डीन डॉ. नीलम सिहाग ने किया।



हिसार। स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक।

सीबीएसई नेशनल गेम्स में एसबीएस स्कूल की बेटियों ने रचा इतिहास

नारनौंद। खेल जगत में एक बार फिर एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल माढा का नाम रोशन हुआ है। गुजरात के वडोदरा में आयोजित प्रतिष्ठित सीबीएसई नेशनल गेम्स में एसबीएस स्कूल की टेबल टेनिस टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-17 टीम इवेंट में कांस्य पदक अपने नाम किया है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश भर के कई नामी स्कूलों और क्लबों की टीमों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता में कड़े मुकाबले देखने को मिले स्कूल माढा की प्रतिभाशाली खिलाड़ियों प्रीति, अंशु और नैंसी ने अपनी बेहतरीन खेल प्रतिभा, अनुशासन और टीम वर्क का परिचय देते हुए यह ऐतिहासिक पदक हासिल किया। खिलाड़ियों की इस गौरवशाली सफलता पर एसबीएस. स्कूल के डायरेक्टर डाक्टर सुनील चहल, टेबल टेनिस क्लब, शिक्षकों और परिजनों में भारी खुशी की लहर है। इस अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।





डीपीएस के तैराकों का शानदार प्रदर्शन

हिसार। दिल्ली पब्लिक स्कूल के युवा तैराकों ने सहोदय तैराकी चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न आयु वर्गों में शानदार उपलब्धियां हासिल की। होली एंजेल स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने विद्यालय को गौरवान्वित किया। उन्होंने अपनी प्रतिभा, अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना का प्रभावशाली परिचय देते हुए द्वितीय उपविजेता ट्रॉफी अपने नाम की। अंडर-19 वर्ग में वैष्णवी ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक तथा 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में कांस्य पदक प्राप्त किया। अंडर-17 वर्ग में वीनस ने 50 मीटर बटरफ्लाई स्ट्रोक में स्वर्ण तथा 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले में रजत पदक जीता। इसी वर्ग में रेहाना ने 50 मीटर तथा 100 मीटर बैकस्ट्रोक में कांस्य पदक हासिल किए। अंडर-14 वर्ग में सौम्या ने 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक तथा 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले—तीनों स्पर्धाओं में रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-11 वर्ग में अन्वेषा ने 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में रजत, 50 मीटर बटरफ्लाई स्ट्रोक तथा 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले में कांस्य पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

कराटे चैम्पियनशिप में छात्रा मानवी ने जीता सुपर गोल्ड, साइकिल भी मिली

- श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा ने कुरुक्षेत्र में शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भगत सिंह रोड, हांसी की छात्रा मानवी ने खेल क्षेत्र में शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। मानवी ने कुरुक्षेत्र में आयोजित 25वीं हरियाणा स्टेट कराटे चैम्पियनशिप 2026-27 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 'सुपर गोल्ड मेडल' अपने नाम किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों से पहुंचे खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मानवी ने प्रतियोगिता में अपने दमदार प्रदर्शन, तकनीक और आत्मविश्वास के बल पर शानदार सफलता हासिल की। उसकी इस उपलब्धि पर उसे पुरस्कार स्वरूप साइकिल भी प्रदान की गई। छात्रा की सफलता की सूचना मिलते ही विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल बन गया।

विद्यालय की प्राचार्या रेनू बंसल ने मानवी को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि मानवी की सफलता उसकी कड़ी मेहनत, निरंतर अभ्यास, लगन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधक रजत कुमार अग्रवाल तथा प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों और विद्यालय स्टाफ ने भी मानवी को बधाई दी।



हांसी। पदक विजेता मानवी को सम्मानित करती स्कूल प्राचार्या रेनू बंसल



राष्ट्रपति ने हिसार की भावना ठकराल को किया सम्मानित

हिसार। समाजसेवी एवं व्यवसायी विजय ठकराल की बेटी भावना ठकराल को एम्स बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के प्रथम दीक्षांत समारोह में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने डिग्री और स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया है। भावना को मिला यह सम्मान हिसार के लिये गौरवपूर्ण उपलब्धि है। भावना ठकराल को बीएससी साइंस पैरामेडिकल (डायलिसिस) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कुल तीन गोल्ड मेडल और एक ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता, मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु व केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। अतिथियों ने भावना ठकराल को इस उपलब्धि पर बधाई दी। भावना इससे पूर्व भी पढ़ाई में हमेशा अव्वल स्थान पर रही है। भावना ठकराल की इस उपलब्धि पर उनके परिवार और हिसार शहर में खुशी का माहौल है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8295154800, 7988727916, 9315429403, 9253681005